श्री संदीप सौरव, माननीय स0वि0स0 से प्राप्त तारांकित प्रश्न सं0-18/2/139
का उत्तर प्रतिवेदन

प्रश्न	उत्तर प्रतिवेदन
क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:- 1. क्या यह सही है कि पटना जिलांतर्गत पालीगंज प्रखंड के दहिया पंचायत के गौसगंज गांव में लुआई नदी के किनारे स्थित कब्रिस्तान, जरखा पंचायत में पुनपुन नदी किनारे समदा गाँव तथा चिक्सी पंचायत में पुनपुन नदी किनारे स्थित चिक्सी नटटोला और देवरिया गाँव और दुल्हिन बाजार प्रखंड के डुमरी गाँव में स्कूल के पास पुनपुन नदी से बाढ़ एवं बरसात में तेजी से भूमि का कटाव हो रहा है जिससे ग्रामीणों की जान माल का नुकसान होता रहता है, यदि हां, तो सरकार ~~कबतक~~ उक्त स्थानों पर कटाव रोधक कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?	वस्तुस्थिति यह है कि पटना जिल के ग्राम गौसगंज में प्रश्नगत कब्रिस्तान लुआई नदी के दायें किनारे से लगभग 100 मी० की दूरी पर अवस्थित है। लुआई नदी एक बरसाती नदी है। वर्ष 2025 में नदी में अधिक जलश्राव होने पर ग्राम-गौसगंज में नदी तट का आंशिक क्षरण हुआ है, परन्तु स्थल सुरक्षित है। प्रश्नगत ग्राम समदा एवं डुमरी पुनपुन नदी के बायें किनारे पर तथा ग्राम चिक्सी नटटोला एवं देवरीया पुनपुन नदी के दायें किनारे पर अवस्थित है। ग्राम समदा एवं देवरीया में पूर्व में कटाव निरोधक कार्य कराया गया है, जो प्रभावी है एवं स्थल सुरक्षित है। ग्राम डुमरी एवं चिक्सी नटटोला में बाढ़ अवधि 2025 में कटाव परिलक्षित नहीं हुआ एवं नदी से वर्तमान में कटाव नहीं हो रहा है। बाढ़ अवधि में प्रश्नगत क्षेत्रों में कटाव परिलक्षित होने पर आवश्यकतानुसार बाढ़ संघर्षात्मक कार्य कराकर स्थलों को सुरक्षित रखा जायेगा।

बिहार सरकार
जल संसाधन विभाग

ज्ञापांक :– 26/वि0स0–01–01/2026 पटना/दिनांक ....

प्रतिलिपि :–उप सचिव (प्रश्न विविध), बिहार विधान सभा सचिवालय, पटना को तारांकित प्रश्न सं0–18/2/139 का अनुमोदित उत्तर प्रतिवेदन पाँच प्रतियों सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26/वि0स0–01–01/2026 पटना/दिनांक :..........

प्रतिलिपि : उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26/वि0स0–01–01/2026 पटना/दिनांक :..........

प्रतिलिपि : अधीक्षण अभियंता, बाढ़ (मो0), जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26/वि0स0–01–01/2026 1585 पटना/दिनांक : 19/3/26

प्रतिलिपि : प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना एवं कार्यपालक अभियंता आई0टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

19/3/26
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव